राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

राज्यपाल श्री बागडे ने गंगानगर शुगर मिल का अवलोकन कर गन्ना उत्पादक किसानों से की चर्चा

जयपुर/श्रीगंगानगर, 30 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को श्रीकरणपुर क्षेत्र में कमीनपुरा स्थित गंगानगर शुगर मिल लिमिटेड का अवलोकन किया।

यहां विश्राम गृह में गन्ना उत्पादक किसानों से उन्होंने चर्चा करते हुए गन्ने के प्रसंस्करण, विभिन्न उत्पादों आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने गंगानगर शुगर मिल की कार्यप्रणाली और प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए गन्ना उत्पादन और उससे जुड़े लाभ, महाराष्ट्र मॉडल आदि के बारे में जानकारी दी। उन्होंने किसानों के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की चर्चा करते हुए उनसे स्थानीय स्तर पर लोगों को लाभान्वित किए जाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री श्री सुरेंद्रपाल सिंह टीटी ने राज्यपाल का अभिनंदन किया।

CAUTION DANGER
MEN AT WORK